शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, हां।

(ख) दिल्ली नगर निगम ने बताया है कि जून, 1977 के बाद बनी अनधिकृत कालोनियों में सड़कों, नालियों जैसी नागरिक सुविधायें सुलभ नहीं हैं। तथापि, 1-1-91 तक मौजूद तथा दिल्ली प्रशासन की 1986 की अधिसूचना के अनुपालन में अनापत्ति प्रमाण-पत्र कालोनियों में लाभार्थियों द्वारा विकास शुल्क देने पर बिजली पानी की आपूर्ति की गई है।

(ग) दिल्ली में पात्र झुग्गी समूहों और स्लम निवासियों को मूलभूत सुविधाये तथा आश्रय सुलभ कराने की योजनायें चलाई जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेय जल की कमी

3442. **डा० संजय सिंह** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल से सम्बन्धित योजनाओं में तेजी लाने हेतु अब तक कोई कदम उठाए हैं/उठाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री पी०के० थुंगन) : (क) और (ख) केन्द्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्रों में पेयजल से सम्बन्धित स्कीमों में तेजी लाने के उपाय आरम्भ किए हैं। केन्द्र सरकार ने 1991 की जनगणना के अनुसार 20,000 से कम आबादी वाले कस्बों के लिए एक त्वरित शहरी जल आपूर्ति कार्यक्रम तैयार किया है, जिसके लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अन्तरिम रूप से 50.00 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वित्त पोषण पद्धति स्कीम आधार पर राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के मध्य 50:50 होगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के उक्त श्रेणी के कस्बों के लिए भी सहायता मुहैय्या कराने पर विचार किया जायेगा।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Poor quality of material used by DDA

3443. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that poor quality building material is being used in constructing the DDA flats for the use of the public and some times DDA's flats need wooden crutches; and

(b) if so, what action Government propose to take to provide good quality material in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON): (a) and (b) It has been reported by DDA that it is not a fact that poor quality building material is being used in construction of DDA flats. Isolated cases have arisen at Pulpheladpur where LIG flats bearing No. 60 and 62 had developed cracks due to uncertain behaviour of the soil and unequel settlement, where wooden supports have been provided and detailed investigation have ensued. Only materials conforming to I.S. Specifications, wherever manufactured, are used in DDA works and, in case Indian standard Institute marked materials are not available/manufactured, materials conforming to standards